पेज थ्री
देहरादून

देहरादून मंगलवार 23 जून 2020

पेज 8

# हमारा दून



कलेक्ट्रेट सभागार में जनसमास्याएं सुनते हुए जिलाधिकारी।

## संक्षिप्त समाचार

### यूकेडी ने लोकगायक जीत सिंह नेगी को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल ने उत्तराखंड के गीतकार, लोकगायक, नाटककार व महान व्यक्तित्व के धनी जीत सिंह नेगी के देहांत पर दल की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सुनील ध्यानी ने कहा कि स्वर्गीय जीत सिंह नेगी उत्तराखंड की विभूतियों में से एक है, पर्वतीय आँचल व संस्कृति को विश्वपटल पर अपने गीतों व रचित नाटकों की छाप छोड़ी। उनके गीतों व रचनाओं तथा नाटकों को कभी भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनके गीतों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

### पुरानी पेंशन लागू करने का किया समर्थन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड सरकार पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर उक्रांद कर्मचारियों का समर्थन करता है। राज्य की भाजपानीत सरकार बेरोजगारों व कर्मचारी विरोधी है। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने बताया कि जहां एक तरफ मितव्ययिता के नाम पर भर्तियों पर रोक व पदों को समाप्त करने का निर्णय ले चुकी है वही कर्मचारियों के वेतन भत्तों की कटौती करके शोषण कर रही है।

### ऑटो रिक्शा चालकों ने फूंका चीनी राष्ट्रपति का पुतला

**संवाददाता** देहरादून। लेह लददाख के गलवान घाटी में चीन से संघर्ष में शहीद जवानों की शहादत पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद चीन सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया गया और चीनी राष्ट्रपति का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज किय गया। दून ऑटा रिक्शा यूनियन से जुडे हुए स्वामी व चालक लैंसडाउन चौक पर इकटठा हुए और वहां पर उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता उमा नरेश तिवारी व अध्यक्ष राम सिंह के नेतृत्व में शहीद सैनिकों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ओर उसके बाद चीन के राष्ट्रपति का पुतला फूंककर चीन के सामानों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का आहवान किया गया।

### नियुक्ति आदेश की प्रतिलिपि व विज्ञप्ति को जलाया

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस नेत्री एवं एगंजिंग यंग इण्डिया की अध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा ने प्रदेश सरकार के आऊट सोर्सिंग ठेका प्रथा को विज्ञप्ति जारी कर जनपद बागेश्वर के स्वास्थ्य विभाग में नियुक्ति आदेश की प्रतिलिपि व विज्ञप्ति को विरोध स्वरुप जलाया और कहा कि ठेका प्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन ने बेरोजगारों को धोखा दिया है।

## जन शिकायतों का प्राथमिकता से करें समाधानः जिलाधिकारी

**संवाददाता** देहरादून। ''जन शिकायतों का प्राथमिकता से करें समाधान'' यह निर्देश जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी जनसुनवाई में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिये।

जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिये कि उनसे सम्बन्धित प्राप्त हुए भूमि विवाद व भूमि अतिक्रमण से लेकर पारिवारिक विवाद, आर्थिक सहायता, किसी नुकसान की भरपाई हेतु मुआवजा से सम्बन्धित आवेदनों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए समाधान करें तथा कृत कार्यवाही से उनको भी अवगत करायें। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को पटेल रोड के पास पानी की निकासी में बाधक स्थान पर पानी निकास हेतु आवश्यकतानुसार कार्यवाही करने तथा प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून को निर्देशित किया कि शिमला बाईपास में विद्युत लाइन में बाधक बने पेड़ की कटाई की जाय अथवा आवश्यकतानुसार लॉपिंग करवाई जाय, जिससे विद्युत के तारों से किसी प्रकार की अनहोनी न हो।

जिलाधिकारी ने मिट्ठी बेड़ी प्रेमनगर निवासी की उनकी जमीन में तारबाड़ करने के सम्बन्ध में प्राप्त आवेदन पर उप जिलाधिकारी सदर को, जीवनगढ विकासनगर में भूमि कब्जों के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर क्षेत्राधिकारी विकासनगर को तथा कारगीग्रान्ट निवासी द्वारा फुटवियर की दुकान के लिए किये गये आवेदन के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये।

# राज्य वित्त आयोग की 94.88 करोड़ की धनराशि का हस्तान्तरण

**डिजिटल इंडिया**

त्रिस्तरीय पंचायतों को 238.38 करोड़ की धनराशि का सीएम ने किया डिजिटल हस्तान्तरण

15वें वित्त आयोग की 143.50 करोड़ रूपये की अनटाईड अनुदान धनराशि का हस्तान्तरण



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को सचिवालय में डिजिटल माध्यम से त्रिस्तरीय पंचायतों (ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत) को कुल 238.38 करोड़ रूपये की धनराशि का हस्तांतरण किया। जिसमें 15वें वित्त आयोग की प्रथम किश्त एवं राज्य वित्त आयोग की धनराशि का एक साथ डिजिटल हस्तांतरण किया गया। जिसमें उत्तराखण्ड की 7791 ग्राम पंचायतों, 95 क्षेत्र पंचायतों एवं 13 जिला पंचायतों के लिए 15 वें वित्त आयोग की 143.50 करोड़ रूपये की अनटाईड अनुदान धनराशि एवं राज्य वित्त आयोग की 94.88 करोड़ की धनराशि शामिल है। डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के तहत 15 वें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग द्वारा पंचायतों हेतु संस्तुत अनुदानों को ऑनलाईन एक साथ डिजिटल हस्तान्तरण के माध्यम से संबंधित पंचायतों को हस्तान्तरित करने की शुरूआत की गई।

इस महत्वाकांक्षी योजना के प्रथम चरण में 09 फरवरी 2020 को हरिद्वार में आयोजित जिला पंचायत अध्यक्षों/उपाध्यक्षों एवं क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के अभिमुखीकरण कार्यक्रम में केन्द्रीय पंचायतीराज मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा 14वें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की धनराशियों के एकमुश्त डिजिटल हस्तान्तरण की शुरूआत की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा लागू प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना डिजिटल इंडिया का प्रोग्राम का उद्देश्य सरकारी सेवाओं को उन्नत करना, सरकारी योजनाओं की जानकारी ऑनलाईन पंहुचाना एवं ई–गवर्नेंस को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री जी द्वारा राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल 2020 को ई–ग्राम स्वराज पोर्टल का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि इससे जहां एक ओर राजकीय कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी वहीं पोर्टल के माध्यम से पंचायत को केन्द्रीय वित्त एवं राज्य वित्त व अन्य स्त्रोतों से प्राप्त धनराशि एवं पंचायत में कराये जा रहे विकास कार्यों की प्रगति के साथ–साथ अन्य जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि पंचायतों को एक साथ धनराशि का डिजिटल हस्तान्तरण से पंचायतों को विकासपरक योजनाओं के साथ–साथ कोरोना वायरस महामारी से ग्रामवासियों के बचाव हेतु आवश्यक उपायों और बाहर से आये नागरिकों को संस्थागत क्वारंटीन सबंधी व्यवस्था हेतु सामुदायिक भवनों की स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, सैनिटाइजेशन एवं अन्य आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने में सहायता मिलेगी।

## ई–कलेक्ट्रेट और ई–आफिस के कार्यों में तेजी लायें

**निर्देश**

■ई–फाईलिंग सिस्टम के कार्यों का तेजी से ऑनलाईन सिस्टम डेवलपमेंट करें

देहरादून। **संवाददाता**

जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने ई–कलेक्ट्रेट के कार्यों से जुड़े एनआईसी, ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित ई–कलेक्ट्रेट की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिये।

उन्होंने निर्देश दिये कि ई–आफिस से जुड़े एच.आर.एम.एस (ह्यूमैन रिसोर्स मैनजमेंट सिस्टम), रिकार्ड मैनेजमेंट, फील्ड इन्सपेसन ऑनलाईन मैनेजमेंट,



ई–फाईलिंग सिस्टम के कार्यों का तेजी से ऑनलाईन सिस्टम डेवलपमेंट करें, जिससे 15 अगस्त तक ये कार्य इम्पलिमेंट हो सके। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के कार्यों की पूरी प्रोसेज की समीक्षा करते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट कार्यालयों के साथ ही तहसील सदर को भी ई–आफिस मोड पर संचालन करने के तेजी से प्रसास किये जायें। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट में ई–आफिस के कार्यों का ट्रायल शुरू हो चुका है और इसमें जो भी चीजें जोड़ी जानी है उनको भी तेजी से जोड़ा जाय। उन्होंने जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाले आवेदन स्कैन होने के पश्चात उन तक पंहुचे ऐसी प्रक्रिया पर कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि ई–आफिस के सभी कार्यों को तेजी से और बेहतर संचालन के लिए सभी सम्बन्धित विभाग व एजेंसी आपसी समन्वय से कार्य करें।

इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी भाष्कर सिंह कुलियाल, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर संजीव चन्द्र सूंबा, अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रणजीत सिंह सहित ई–डिस्ट्रिक्ट प्रबंधक सुरेश सिंह उपस्थित थे।

## बीस सूत्रीय मदों मे उत्तराखंड मे हो रहा कड़ा पालन,अधिकारी कर्मचारी बधाई के पात्र

**संवाददाता** देहरादून। नरेश बंसल (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) उपाध्यक्ष बीस सूत्रीय कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन समिति ने बीस सूत्री कार्यक्रम में वर्ष 2019–20 में रैकिंग के अनुसार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले जनपदों को दी बधाई। बीस सूत्री कार्यक्रम के राज्य स्तरीय उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री स्तर) नरेश बंसल जी द्वारा बीस सूत्री कार्यक्रम में वर्ष 2019–20 में प्रबोधित रैकिंग कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अवगत कराया कि बीस सूत्री कार्यक्रम एक वृहद कार्यक्रम है। 25 मानक मदों के अनुसार विभाग द्वारा प्रकाशित किए गए रिपोर्ट के अनुसार जनपद चम्पावत प्रथम, जनपद हरिद्वार द्वितीय तथा जनपद पिथौरागढ़ तृतीय स्थान पर रहा है। बीस सूत्री कार्यक्रम में जिन जनपदों का प्रदर्शन वित्तीय वर्ष में मानक के अनुसार नहीं रहा उनको भी आगामी वर्ष में शत् प्रतिशत मदों में 'ए' श्रेणी में लाने का अथक प्रयास करने के निर्देश दिए गए।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।